# टालने का कीड़ा



RESTART YOUR LIFE EBOOK
BY COOLMITRA

**MOHAMMAD SHAKEEL**

*“या तो केवल ज्ञान ही लेलो,
या उसे लगा कर शुरुआत कर लो।”*

Downloaded from www.PDFshala.com

# Introduction

I'M Mohammad Shakeel also known as CoolMitra (Digital entrepreneur, Techie, Writer, YouTuber with having 1.7M subscribers and 100M total viewership, Thinker & Talks about logical solutions)

इस पूरी book में मैं ही आपसे बात करने वाला हूँ।

अभी जो book आप पढ़ने वाले हो, उस पूरी book में मैंने जो बता रखा हैं, उसे सिर्फ पढ़ने के लिए ना पढ़े, जिस level की मेरी observation मैंने इस book में दी हैं वो पढ़ने के बाद आप कुछ और ही होंगे। मैं खुद एक book reader हूँ, मैंने अभी तक जितनी books पढ़ी मुझे 90% book में practical बातें या फिर काम की बातें नहीं मिलती। एक होता हैं कि पढ़ते वक्त सिर्फ मज़ा आना की ऐसा हो सकता हैं और एक होता हैं पढ़ने के बाद वाक़ई में

Downloaded from www.PDFshala.com

उससे ज़िन्दगी में बदलाव आना वो मुझे बहुत कम books में मिलता हैं।

मेरी आप लोगो से एक छोटी-सी request हैं, अपना पूरा ध्यान लगाकर इस book को बिना बार-बार बीच में break लिए पढ़े, इसे पढ़ने में आपको जो वक़्त लगेगा वो आपके ज़िन्दगी के सबसे अच्छे पलो में से एक होगा।

****

Downloaded from www.PDFshala.com

# CHAPTER 1.

क्या आपको पता है, आपके पास असल मे कितना समय है? कितना समय आपको extra मिलता है जो आपको पता भी नहीं हैं।

जोश में आकर बहुत कुछ सोच लेते है मगर कर कुछ नही पाते, कभी **आलस कारण बन जाता हैं, कभी डर, कभी बहुत सोचते रह जाना, कभी टालने की आदत** कि यार इसे मैं करूँगा तो सही तरीके से ही करूँगा, इसे मैं करूँगा तो perfectly ही करूँगा और वो perfect कभी आता ही नही और टलता जाता है, कभी ये भी issue होता है कि 365 दिन में पूरे दिन energy नही रहती और सबसे बड़ा कारण है हमने कभी 365 दिन में जितने घंटे होते है उसमें कभी एक-एक घंटे का हिसाब नही लगाया।

चलो आज आपकी body को, mind को, energy को calculate करते हुए साथ मे ये भी calculate करते है

Downloaded from www.PDFshala.com

कि आपकी life में आपको हर साल कितने घंटे ऐसे ही extra मिलते है।

***क्या आपको पता है आपके पास actual में कितना समय है?***

जब आप अपने आपसे ये सवाल करते हो, तब आपको पता चलता है कि आपका time कहाँ-कहाँ जा रहा है।

## Calculation of Extra Time You Have

एक महीने में **720** घंटे होते है।

अगर आप 24 घंटो में 8 घंटे सोते हो, तो 8×30 यानी **240** घंटे केवल सोते हो, अब आपके पास बचे **480** घंटे।(720-240)

और अगर एक सप्ताह में 40 घंटे काम करते हो तो, 40×4 यानी **160** घंटे महीने में काम करते हो (जो एक दिन के

Downloaded from www.PDFshala.com

5-6 घंटे हो रहे है)। नींद और काम के बाद आपके पास बचतें हैं **320 घंटे।**

एक दिन के 2 घंटे खाना, पीना, नहाना, ये सब मिला ले तो, महीने के होते है 30×2 = **60** घंटे।

अब आपके पास **260 घंटे बचते है।**

तो question ये है कि महीने के ये जो **260** घंटे बच रहे है वो जा कहाँ रहे हैं?

Goals set करोगें लेकिन साल के end तक वो पूरा हो नही पायेगा।

2017, 18, 19 और अब मैं 2020 में book लिख रहा हूँ तो 2020 भी आधा बीत गया ***2021 भी आ जायेगा पता भी नही चलेगा।***

इस बार भी आप अपने goal set करोगे, कुछ आदतें छोड़ने की, कुछ आदतें सीखने की, कुछ कमाने की, खुशी

Downloaded from www.PDFshala.com

की, कामयाबी की, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी साल के start होने के बाद में january भी निकल जाता है और सोचते है कि कोई बात नही अभी तो एक महीना ही निकला है मेरे पास तो 11 और months है, ऐसे करते हुए February भी निकल जाता है , फिर से खुद को motivate करते है कि मेरे पास तो अभी 10 और months है और ऐसे करते हुए साल कब End हो जाता है पता ही नही चलता है। कोई dream है तो केवल सोचा हुआ है कोई idea है तो केवल सोचा हुआ है, ऐसा क्यो?

क्योंकि पैसे नही हैं, support नही हैं, **और सबसे बड़ी बात, समझ ही नही आ रहा है शुरुआत कहाँ से करे**, शुरू के steps क्या ले? और ऐसे करते हुए साल के May, June month तक पहुँच जाते है और आधा साल चला जाता है। फिर धीरे-धीरे realise होता है और खुद से कहते हो ohh यार अभी तो 2019 start हुआ था आधा साल खत्म भी हो गया?

Downloaded from www.PDFshala.com

फिर जल्दबाज़ी करने की कोशिश करते है, जितने हो सकते है उतने actions लेने की कोशिश करते है, धीरे-धीरे results मिलने शुरू होते है, पर इतने धीरे results मिलते है कि उस से **demotivate होकर आगे कुछ करना ही नही चाहते है।**

***यह हर साल की कहानी है।***

## Value of 260 Extra Hours You Have in a MONTH

तो जो calculation की उस से पता चलता है कि 260 घंटे एक महीने के निकलते है जिसमे आप और कुछ नही करते हो अब उस पर बात करते है।

अगर आप इन 260 **घंटो में केवल audiobook सुनो तो आप एक महीने में 45 audiobook सुन सकते हो** अगर ये average लेकर चले कि आपको एक audiobook सुनने में 6 घंटे लगेंगे और ये तो केवल एक महीने की ही

Downloaded from www.PDFshala.com

बात कर रहा हूँ, साल का होगा 260 hours × 12 यानी **3120 घंटे।**

***आपको आपकी ज़िंदगी बदलने के लिये 3120 घंटे मिले है जिन घंटो में बहुत कम लोग conscious है, बहुत कम लोगो को हिसाब है कि मेरा वक़्त कहाँ जा रहा है।***

3120 घंटे audiobook सुनो तो 520 audiobook सुन सकते है अगर 6 घंटे में एक audiobook सुनो।

अब ये तो मैंने सिर्फ example लिया है, लेकिन obviously केवल audiobook से ही life change नही होती, actions भी लेने होते है, reading भी करोगे, classes भी लोगे किसी चीज़ की, mobile में कोई दूसरी चीज़े भी try करने की कोशिश करोगे, किसी social sites पर पैसे कमाने के तरीके भी try करते रहोगे बहुत तरीकों से time को implement कर सकते है।

Downloaded from www.PDFshala.com

# Value of Book

मैं book का क्यों बोल रहा हूँ?

क्योंकि ये सारे लोग आज भी इतने successful बनने के बाद भी books पढ़ते है और अपनी कामयाबी का credit books को देते है।

इस पृथ्वी पर 3 ऐसे example है जिनको देख कर आप book पड़ने के लिए जरूर inspire होंगे।

J.K. Rowling **Billionaire बनी है book लिख कर,** जिन्होंने **Harry Potter** लिखी थी। Billionaire बन जाना यानी उस person के पास 7 हजार करोड़ रुपये है।

**Jeff bezos ने book बेच कर ही Amazon की शुरुआत की थी** और आज वो दुनिया के **सबसे अमीर इंसान** है और आज भी Amazon पर book का बहुत बड़ा market है।

Downloaded from www.PDFshala.com

Amazon ने Kindle start कर दिया है जिसमे online ebook होती है, Audible start कर दिया जिसमे audio में books होती है, Kindle device बना दिये जो tablet होते है जिसमे books पढ़ सकते है और Goodreads भी खरीद लिया जिसमे book के reviews होते है।

फिर आते है Warren Buffet जो कि दुनिया के सबसे अमीरों की list में आते है, दुनिया के अब तक के सबसे बड़े दानी कहे जाते है, world के सबसे बड़े share market के जादूगर है।

**Warren Buffet अपने Billionaire बनने का राज़ financial books read करना बताते है।**

Book reading एक magic है, आप अपनी life में जो भी problem face कर रहे हो, किसी भी तरह की problem हो, ऐसी कोई problem हो ही नही सकती जिसका solution book में ना हो। दुनिया मे न जाने

Downloaded from www.PDFshala.com

कितने सालो से लोग book लिखते आ रहे है, सालो पुरानी से लेकर अब तक कि हर तरह की book और हर तरह के author ने अपनी-अपनी life के experiences के साथ solutions दिये है, यह किसी magic से कम नही है कि आपको वो चीज़े पहले ही पता चल रही है कि आपके साथ मे क्या हो सकता हैं, अगर आप यह action ले रहे हो तो क्योंकि वो चीज़ किसी और ने कर दी है वो आपको बता रहा है।

और हमे खुद गलतियाँ करने के बजाय दुसरो की ग़लतियों से इसलिए सीखना है क्योंकि हमें life का बहुत time save करना है, इंसान की उम्र already बहुत कम हो चुकी है, **हमारे पास बहुत कम वक्त है success होने के लिये और सपनों को पूरा करने के लिये, जिस तरह से आज unhealthy food की वजह से, over social media से health की 12 बज रही है हमे जरूरत है हर एक angle से खुद को safe रखना है।**

Downloaded from www.PDFshala.com

*Don't worry अभी आपको ऐसे-ऐसे solutions मिलने वाले है जिस से केवल आपकी life नही बदलेगी बल्कि आपको देख कर लोगो का perception भी बदलेगा।*

****

Downloaded from www.PDFshala.com

# CHAPTER 2.

*तो अब ये बात करने के बाद की एक average इंसान की ज़िंदगी में इतना time होता है जो कि उसे पता भी नही है कि वो अपना time कहाँ दे रहा है, 3120 घंटे उसके पास हैं बहुत कुछ करने के लिये जिसमे हमने ये बात की हैं कि इसी जगह अगर वो book reading करे, अगर वो audiobook सुने तो उसकी learning हो और learning इसलिए जरूरी है क्योंकि इंसान की life इतनी भी बड़ी नही होती कि वो हर बार खुद की गलतियों से सीखें, अगर कम उम्र में बड़े धमाके करने हैं तो दूसरों की life से सीखना होता हैं।*

इतना जाना था मैंने CHAPTER ONE में!

तो अब एक सवाल उठता हैं, कि आपका यह time जाता कहाँ हैं?

Downloaded from www.PDFshala.com

आपके पास time नहीं हैं यह बहुत बड़ी problem हैं right? और जब तक problem अच्छे से समझ नहीं आयेगी हम उसे solve नहीं कर सकते।

Now back to the question, आपका time कहाँ जा रहा हैं?

Honestly बताऊँ तो बहुत ज्यादा लोगो को, even 95% लोगो को यह नही पता कि उनका time actual जा कहाँ रहा हैं।

खुद के time को manage करना और उसे track करना कि कहाँ-कहाँ जा रहा हैं ये track करना कोई easy task नहीं हैं।

1-2 दिन तो list follow करते हैं, planning बनाते हैं फिर से सब कुछ छूट जाता हैं।

हम इतने ज्यादा unconscious हैं अपने time को लेकर यानी अगर मैं आपको बताऊँ कि आपका ज्यादातर

Downloaded from www.PDFshala.com

time यहाँ जा रहा तो आपको यकीन नहीं होगा, जैसे कि एक research कहती हैं कि ज़्यादातर लोग on an average अपने mobile को 100 बार दिन में check करता हैं और कई लोगो का इससे भी ज़्यादा ही होगा, जबकि ज़्यादातर लोगो से पूछा जाए कि वो अपने mobile को कितनी बार check करते हैं तो वो केवल 30-40 बार ही बतायेंगे।

**यानी आधे से भी ज़्यादा लोगो का ध्यान नहीं हैं कि उनका ध्यान कहाँ हैं।**

***"ध्यान पर ध्यान नही हैं, ध्यान कहाँ जा रहा हैं उस पर ही ध्यान नहीं हैं, जब आप ध्यान पर ध्यान देते हो तब आपका सब जगह ध्यान बन जाता हैं।"***

यह कब पता चलेगा कि आप conscious हो? कब पता चलेगा कि आप productive हो? कि आप चीज़े fast करते जा रहे हो? आप time को एकदम सही तरीके से use कर रहे हो या नहीं?

Downloaded from www.PDFshala.com

जब आपको ये याद हो कि आपका ध्यान कहाँ-कहाँ जा रहा हैं, आपका ध्यान कहाँ-कहाँ था, आपने कल क्या खाया था, आपने कल कितना time काम किया था और यह सब याद करने में आपको दिमाग़ पर ज़ोर नहीं देना पड़ रहा क्योंकि यह आपकी habit बन चुकी हैं, तब यह मान लो कि आप productive हो।

जब तक आप productive नहीं रहेंगे, हर साल खत्म होता जायेगा और आप resolution बनाते रह जाओगे लेकिन कर कुछ नहीं पाओगे क्योंकि आपको यह भी पता होना चाहिये कि आपको अपने mind को alert कैसे रखना हैं, अपने अंदर energy कैसे maintain रखनी हैं, अपनी body को strong कैसे बनाना हैं और अपने goals को नज़रो में कैसे रखना हैं तब जाकर नए साल के December में सारे goals achieve कर सकते हों।

Downloaded from www.PDFshala.com

# Addiction of Mobile Phone

तो मैंने जो सवाल किया था कि आपका time कहाँ जा रहा हैं?

जितनी भी ध्यान भटकाने वाली चीजें हैं आज के time में उसमे सबसे बड़ी चीज है mobile, क्योंकि आज के वक़्त में आपका जो भी ज़िन्दगी का लक्ष्य हैं उसे पाने में जितनी भी distractions हैं उसमें से I'M sure mobile भी होगा। Mobile को लेकर मेरी कुछ Internet research आपको बता देता हूँ कि सिर्फ मोबाइल की वजह से अगर ये आपके ऊपर ज़्यादा हावी हो जाए तो किस हद तक आपकी life में distractions बढ़ सकते हैं और किस हद तक आपके career को भी impact कर सकती हैं। आपके हाथ में जो भी आपका mobile हैं, क्या आप उस mobile को control करते हो या वो mobile आपको control कर रहा हैं?

Downloaded from www.PDFshala.com

जिस तरह से कुछ लोग पानी से डरते हैं उसे **Aquaphobia** कहते है, ऊँचाई से डरते हैं उसे **Acrophobia** कहते हैं, भीड़ से डरते हैं उसे **Agoraphobia** कहते हैं, उसी तरह एक phobia हैं **Nomophobia**।

यह एक ऐसा डर हैं जो आपको तब लगता हैं जब आपका mobile आपके पास नहीं होता हैं। Mobile की वजह से हमारी याद करने की शक्ति weak होती ही जा रही हैं, आज के वक़्त में कोई भी नही चाहेगा कि वह 500 mobile numbers याद करे बहुत obvious बात हैं कि वह उन numbers को याद करने के बजाय उन्हें save करेगा, लेकिन इस तरीके से हमारी कुछ भी लिख कर save करने की ऐसी habit बनती जा रही हैं, कुछ भी Google से search करके निकालने की habit बनती जा रही है कि हमे कुछ भी याद रखना importent नही लग रहा है जिससे memory weak होती जा रही हैं।

Downloaded from www.PDFshala.com

मैं अभी आपको कोई भी new number याद करने को कहता हूँ तो आपके लिए यह याद करना बहुत difficult होगा। याद कीजिए आपके लिए आज से 5-6 साल पहले यह याद करना इतना मुश्किल नहीं था, आज के वक़्त में पूरे दिन के schedule में याद करने वाली चीजें कम होती जा रही हैं, हम mobile में बातें लिखते हैं, reminder लगातें हैं, alarm add करते हैं, calculator use करते हैं।

Almost हर digital company, mobile के through आपको इस तरह से बाँध कर रख रही हैं कि आपको खुद को नहीं पता कि आपने mobile की lockscreen को किस वजह से open किया था फिर आप उसमे कुछ और ही करने लग जाते हैं, mobile से जुड़ा हुआ हर product, mobile device, internet, application, sim, इन सब companies का यही target रहता हैं कि आप इनका ज़्यादा से ज़्यादा use करे, और आपको पता भी नहीं चलता कि किस तरह से यह companies आपके दिमाग़

Downloaded from www.PDFshala.com

को अच्छे से समझ रही हैं, आपके behaviour किस तरह से study करके हर product को ऐसा बना रही है जिससे आपकी addiction, आपकी लत और बढ़ जाए।

आपके mobile की applications जैसे: Facebook, Instagram, YouTube, WhatsApp, Photo Filter apps etc. का use इतना बढ़ता जा रहा हैं कि लोगो को नींद ना आने की problem होती जा रही हैं, जिसे **Insomnia** कहते हैं, यह एक तरह की बीमारी हैं।

Facebbok, Instagram, YouTube यह सब आपके दिमाग़ में Dopamine chemical release करते हैं, cigarette  पीतें वक़्त भी exactly यही होता हैं तब आपको इसकी लत लग जाती हैं, फिर उस काम को बार-बार करने की इच्छा होती हैं, बहुत सी research और बहुत से psychology doctors का यह मानना हैं

Downloaded from www.PDFshala.com

कि यह एक drug and alcohol, nicotin, gambling जितनी ही addiction हैं।

मैं फिर से repeat करता हूँ, जो mobile आपके हाथ में हैं जिस mobile से आप यह book पढ़ रहे हो अगर उसे ठीक से use ना करे, अगर वो mobile ही आपको control करने लग जाए, games, बेवजह की chat करना, किसी भी video platform पर useless content देखना, WhatsApp story upload करना, बार-बार mobile को बेवजह ही check करना यह इतनी dangerous habit हैं कि यह एक drug, alcohol, nicotine, gambling जितनी ही addictive हैं।

क्या आप सच में अपने mobile को जब चाहो तब lock करके रख सकते हो, क्या आपको सच में struggle करना पड़ रहा है अपने mobile को सिर्फ कुछ घंटों के

Downloaded from www.PDFshala.com

लिए अपने से दूर रखने में, क्या आप सोते वक़्त अपने mobile को किसी और room में रख कर सो सकते हो?

आपके mind में बार-बार mobile का विचार आएगा।

क्या आपकी बेचैनी बढ़ती जा रही हैं आपके mobile को बार-बार चेक करने की जबकि आपको पता हैं कि आपको कोई भी message या notification नहीं आया हैं? Ask to yourself, अपने आप से पूछिए कि पूरे दिन में कितने percent mobile का use करते हो जो आपके benefits के लिए हो, almost 90% से ज़्यादा आप mobile का use अपनी लत को पूरा करने के लिए कर रहे हो, बाकी के 10% हो सकता हैं आपका कोई काम हैं।

क्या हो अगर 90% productive तरीके से mobile का use करो और केवल 10% ही time pass करो, तो यही addiction बुरे से अच्छी addiction में बदल जाएगी।

Downloaded from www.PDFshala.com

अब बात करते हैं family की, जब हम बाहर होते हैं restaurant में dinner के लिए। कोई भी वहाँ खाने को enjoy नहीं कर रहा हैं, एक-दूसरे से कोई बात नहीं, हर इंसान busy हैं mobile में किसी और से बात करने में, जो कि वह खुद किसी और के साथ में हैं और उसके साथ time को enjoy नहीं कर रहा हैं। इस mobile की addiction से completely ignore कर रहे हो अपने friends को, अपने family members को, और जिनको आप ignore कर रहे हो वो खुद पूरे खाने के खत्म होने तक mobile में लगे हैं, so everybody is ignoring each other, and nobody is aware about it.

****

Downloaded from www.PDFshala.com

# CHAPTER 3.

अगर आपकी problems इस तरह से हो रही हैं कि आप चीजों को बार-बार भूल रहे हो, बातों में बार-बार confuse हो रहे हो, stress में होते हो, आलस रहता हैं, कोई भी काम करने को मन नहीं करता हैं, back pain करती हैं, physical strength कम हो रही हैं तो कहीं न कहीं यह mobile की वजह से हो रहा हैं।

**Northwestern (नॉर्थवेस्टर्न) University** से हुई study से पता लगा हैं कि वह लोग जो अपना time mobile में ज़्यादा spend करते हैं वो ज़्यादा depressed होते हैं। जो इस addiction से निकल रहा हैं उसका **depression 68 minutes** का होता हैं, जबकि जिसकी mental health सही होती हैं उसका **depression 17 minutes** का होता हैं।

Downloaded from www.PDFshala.com

एक और research जो कि 2012 में हुई, उससे यह पता चलता हैं कि वो लोग जो immediate, हाथों-हाथ कोई भी mobile में alert होता हैं उसे पढ़ते हैं और response करते हैं वो ज़्यादा stress में होते हैं।

अब बात करते हैं नींद के बारे में, क्योंकि नींद भी बहुत बड़ा factor हैं, अगर आपको दिन में energy नहीं रहती हैं, अगर थका हुआ feel होता हैं, अगर बेवक़्त बार-बार नींद आती हैं इसका मतलब हैं आपने रात की नींद ठीक से नहीं ली, quality नींद न लेने से brain memory पर भी बहुत फर्क पड़ता हैं

एक research कहती हैं कि:

जितने भी लोग smartphone use करते हैं उनमें से 18 से 29 age में जो आते हैं उन सब में से 63% लोग अपने cellphone, smartphone या tablet को साथ लेकर सोते हैं और जो लोग 30 से 64 की age के होते है

Downloaded from www.PDFshala.com

उनमें से around 30% यही same चीजें करते हैं, **अपने mobile को साथ लेकर ही सो जाते  हैं।**

लेकिन इसमें चिंता की बात कहाँ है?

चिंता की बात यह हैं कि एक और research जो कि September 2015 में publish हुई थी कहती हैं कि जो आप caffeine लेते हो, जो कि चाय और coffee में होता हैं वह आपकी नींद के schedule में इतना effect नहीं करता हैं जितना आपकी mobile की bright light रात के समय करती हैं। अगर आपकी habit हैं night में mobile use करने की then chances are very high की आपकी नींद disturb हो रही होगी और नींद पूरी नहीं हो रही होगी।

लेकिन वो तो भला हमारे अंदर **melatonin** का जो हमे ये बताता हैं कि यह हमारा time हो चुका हैं सोने का, और नींद आ जाती हैं।

Downloaded from www.PDFshala.com

**Harvard की research** ने 6.5 घंटे तक के blue light और green light के exposure के effect को देखा और पता चला कि blue light green light से दोगुना **melatonin** को रोक देती हैं, जो कि आपके mobile display में होती हैं उसकी वजह से जो आपको नींद आने में तकलीफ़ होती हैं।

नींद के बारे में इतनी researches इसलिए बता रहा हूँ क्योंकि नींद disturb होने से इंसान की life किस-किस तरीके से बर्बाद हो सकती हैं इसके बारे में लगभग लोगो को तब ही पता लगता हैं जब वक़्त हाथ से निकल चुका होता हैं, जब नींद के लिए दवाइयों की ज़रूरत पड़ चुकी होती हैं।

अब बात करते हैं एक ऐसी चीज की जो आपको अजीब लगेगी, वह हैं Bacteria, यह एक बहुत ही ज़्यादा हैरान कर देने वाली research हैं:

Downloaded from www.PDFshala.com

यह **University of Arizona** की research ने पता लगाया कि **आपके toilet में जो भी bacteria होते हैं उससे 10 गुना ज्यादा bacteria आपके mobile पर होते हैं** और आप उसे use करते वक़्त खाना खाते हो, उसका इतना use करने के बाद glass को हाथ लगाते हो। toilet तो आप regular clean भी करते हो लेकिन mobile जैसी चीज को आप कभी clean नहीं करते। आपके mobile को बार-बार हाथ लगाने की habit आपको कब-कब बीमार भी कर रही हैं यह भी आपको नहीं पता। family friends की अगर हम बात करे तो हम अपनों से इतने दूर होते जा रहे हैं कि पड़ोसियों के नाम तक नहीं पता, गली के friends से ढंग से कब बात की यह नहीं पता लेकिन दूर-दूर तक रह रहे ऐसे इंसान से हम घंटो तक बात करते हैं जो maybe सिर्फ उसको mobile की लत हैं इसलिए बात करता हैं।

**University of Maryland** की research कहती हैं कि smartphone के use से हम selfish बन जाते हैं और society से दूर हो जाते हैं। इसके अलावा भी इसके

Downloaded from www.PDFshala.com

बहुत ज़्यादा नुकसान हैं, जो कि धीरे-धीरे आपको अंदर ही अंदर मार रहे हैं।

इससे फायदा सिर्फ technology companies को हो रहा हैं जो हो सकता हैं खुद इतना mobile use नहीं करते हैं, खुद अपनी health पर पूरा ध्यान देते हैं, **एक cigarette बेचने वाला जरूरी नहीं कि वह भी smoking करता हैं।**

तो aware रहो, अगर इसी तरह health की 12 बजाते रहे और आप success भी हो गए तो धीरे-धीरे ऐसा वक़्त आ जायेगा आपके पास पैसा, नाम यह सब चीजें होगी, even आपने शादी भी उसी लड़की से कर ली जिससे करने के लिए आपके घर वाले रोक रहे थे तब भी आप अपनी life को enjoy नहीं कर सकोगे क्योंकि आपकी health आपके हाथ से जा चुकी होंगी।

Downloaded from www.PDFshala.com

मुझे ज़्यादातर (YouTube पर) सुनने वाले लोगो में 80% लोग youth हैं, मैं चाहता हूँ कि success पर काम करने के साथ आप अपनी यह habit change करो।

जो भी new year में आप करना चाहते हो उसमे एक यह mobile भी हैं जो आपको आपके goals की तरफ जाने से रोक रहा हैं। हो सकता हैं आपको कभी-कभी बुरा feel होता हैं, आपको बेवज़ह बुरा feel होता हैं, वह ज़्यादा mobile phone use करने की वजह से हो रहा हैं क्योंकि आपके mind की पूरी तरह से 12 बज चुकी हैं, जिसकी वजह से आप new year पर बनाए गए goal पर काम नहीं कर सकते।

***तो जो सवाल मैंने आपसे पूछा था कि आपके साल के बचे हुए 3120 घंटे कहाँ waste हो रहे हैं? शायद इसमे mobile सबसे बड़ा reason हैं, इसीलिए मुझे इतनी research बतानी पड़ी, ताकि आप डरो, आपको फिक्र हो, आप new year से mobile के use को control करो आपके goals को achieve करने के लिए, कहीं***

Downloaded from www.PDFshala.com

***ऐसा ना हो कि mobile आपको use करे आपको आपके goals से दूर करने के लिए।***

## #1 Energy + Mind + Body + Goals + Schedule

सारा खेल जो हैं वो हैं अपनी energy को analyse करने का, अपनी body और mind को समझने का और फिर देखो की आपके पास जो time हैं उस time से अपने goal को कैसे achieve कर सकते हो।

**आपके अंदर energy नहीं रहेगी तो आप productive कैसे रहोगे?**

आपका काम करने का ही मन नही करेगा, आलस आएगा, दिन को भी नींद जैसा feel होगा।

*जैसा कि मैंने book की starting में तो बता दिया कि आपके पास 3120 घंटे एक साल में बचतें हैं,* जिसे आप book reading में लगा सकते हो, जिसे आप दूसरे

Downloaded from www.PDFshala.com

productive काम मे लगा सकते हो, जिसे आप extra income के कामों में लगा सकते हो, जिसे आप ऑनलाइन course में लगा सकते हो, लेकिन उसके लिए energy तो रहे, motivation तो रहे।

Energy को लगानी हैं mind और body में अब यह energy कहाँ से आएगी वो मैं आपको बताऊंगा।

तो energy लगानी हैं mind औऱ body में वो भी schedule बनाकर कि मुझे इस time में यह-यह चीज़े करनी हैं, सारी चीज़ें नज़रो में होनी चाहिए, ऐसा नहीं कि कल planning बनाई और आज भूल गए और यह सब करना है goal को achieve करने के लिए लेकिन पहले goal को समझना होता हैं, goal को तोड़ कर छोटे-छोटे part में बताना होता हैं।

**तो बताइए आपके क्या-क्या goals हैं 2020 या 21 के लिए?**

Downloaded from www.PDFshala.com

या फिर जिस भी वक़्त आप यह book पढ़ रहे हो आने वाले साल के लिए या इस साल के बचे हुए months के लिए?

बताइए आप अपने आने वाले **extra 3120 hours कहाँ दे रहे हो?** क्या आप ऐसे ही हर सवाल की तरह unconsciously जीना चाहते हो कि आपको पता भी न हो कि आपका यह extra time कहाँ जा रहा हैं या फिर आपको अब आने वाला पूरा time track करना हैं, goals set करने हैं, schedule बनाना हैं।

क्या आपने वो सारे goals छोटे-छोटे part में बाँटे? छोटे-छोटे part में क्यों बाँटना हैं क्योंकि जब आप छोटे से goal को भी achieve कर लेते हो तब आपको खुशी मिलती हैं कि मैंने कुछ किया, और फिर अगले goal पर मेहनत करने के लिए motivation मिलती हैं, energy मिलती हैं।

Downloaded from www.PDFshala.com

अब तक तो मैंने यह बताया कि आप कहाँ-कहाँ lack कर रहे हो, क्योंकि आपके january के शुरू होने से पहले बनाए हुए goals पूरे साल में पूरे नहीं हों पाते हैं और फिर दूसरे साल का january भी आ जाता हैं पर आपका goal achieve नहीं हो पाता हैं। अब बात करते हैं छोटे-छोटे part की।

****

Downloaded from www.PDFshala.com

# CHAPTER 4.

आइए समझते हैं कि इस body को, इस mind को क्योंकि जब तक कोई plane को पूरी तरह से ठीक नहीं करेंगे तब तक उस plane को उड़ा भी नहीं सकते, फिर देखते हैं कि energy कहाँ से आएगी यानी उड़ाने के लिए fuel कहाँ से आएगा, फिर बताऊँगा उड़ाना कहाँ-कहाँ हैं, अगर आपको Delhi से Mumbai जाना हैं तो पहले कैसे उस plane को ऊपर ले जाना हैं, कैसे हवा में रखना हैं, कैसे छोटे-छोटे goals को achieve करने हैं फिर कैसे उसे land करना हैं। फिर बताऊँगा कैसे time की भी planning करनी हैं, कैसे right time पर ही plane को नीचे land करवाना हैं, कैसे schedule को follow करना हैं जिसके बीच में आलस नहीं आएगा, जिसके बीच मे **टालने की आदत** नही आएगी, जिसके बीच में **डर नहीं आएगा**, जिसके बीच मे **शुरुआत कहाँ से करे यह confusion नहीं आएगा**, जिसके बीच में **perfection के पीछे रोना भी नहीं आएगा**, जिसके बीच

Downloaded from www.PDFshala.com

मे **confidence की कमी नहीं आएगी**, जिसके बीच मे **motivation की कमी नहीं आएगी।**

तो इस book से सीखेंगे कि पूरी तरह से mentaly और physically fit रहते हुए life के goals को एक के बाद एक achieve करते हुए कैसे जियें?

## Mentality

मैं आपको जो चीज बताने वाला हूँ वो आपके लिए life changing हैं, चलिए अब तक जितनी भी mistakes की हैं, जितना भी time waste किया हैं, अब ठीक से सारी चीजों को करते हैं।

मैं साथ हूँ और मैं भी इसी challenge में participate कर रहा हूँ क्योंकि मेरे अपने भी बहुत से goals हैं जो मुझे achieve करने हैं, तो आइए दोस्तों हम सब साथ में मिलकर अपने **goals को achieve करते हैं, planning के साथ।**

Downloaded from www.PDFshala.com

लेकिन यह चीज कर कौन सकता हैं? इसके लिए आपको क्या चाहिए? क्या आपकी life की कोई बहुत बड़ी problem हैं जो आपको रोक रही हैं? क्या आप house wife हैं इसलिए आपको time नहीं हैं? क्या आपको अपने सपनों पर काम करने से घर वाले या समाज रोक रहा हैं?

तो मेरे पास इसका जवाब नहीं हैं, मेरे पास बस एक situation हैं जो मैं आपके सामने रखने वाला हूँ, आप खुद decide करो कि अगर आपके साथ ऐसा हो तब भी क्या आप ये बहाने लेकर आते?

तो वह situation हैं कि क्या हो अगर आपके पास केवल 6 महीने ही हो जीने के लिए, आपकी life 6 महीने बाद खत्म होने वाली हैं? क्या आप 10 साल में जो बनने वाले हो वो केवल 6 महीने में बन सकते हो? जब आपको पता चल जाए कि आप 6 महीने में मरने वाले हो तो क्या आप अपने कोई भी सपने अधुरे छोड़ोगे? आप अपने talent को waste जाने देंगे? क्या आप यह सोचोगे की मैं तो house

Downloaded from www.PDFshala.com

wife हूँ मुझे घर के भी काम करने होते हैं? क्या आप अपनी छोटी उम्र की वजह से रुके रहोगे? क्या आप खुद को जाने बिना ही मर जाओगे? क्या आप death bed पर यह सोचते-सोचते मर जाओगे कि मैं कुछ नहीं कर सकता बस लेकिन-लेकिन करता रहा और अब काश-काश करके मर गया?

नहीं ना?

जब आपको पता चल जाए कि आपके पास बस limited time हैं तब क्या आपका time mobile में waste होगा? Social media में waste होगा? तब क्या आप ज़्यादा बातें करोगे? तब क्या आपको सुबह 5 बजे उठने में परेशानी होगी? तब क्या आपको सप्ताह में 40 घंटे काम करने में दिक्कत होगी? तब क्या आप active feel नहीं करोगे? तब क्या आपका time mobile में waste होगा? सिर्फ 6 महीने बचे हैं, तब क्या आप अपने आप को यह बोलोगे कि मेरी हालत tight हैं? आपके goals को आपके सपनों को इस बात से फर्क नहीं पड़ता कि आपकी

Downloaded from www.PDFshala.com

हालत कितनी tight हैं आपके सपनों को फर्क पड़ता हैं कि आप कितने tight हो? आपके पास 6 महीने हो केवल क्या तब आपको tight करने के लिए, strong होने के लिए motivate करना होगा या motivation आपके अंदर से आएगा?

अगर आपको 2020 में सच में कुछ बड़ा करना हैं, और उस बड़े करने की value आपको समझ आ जाए, सिर्फ तभी आप अपने time की value समझ सकते हो और आप तब तक time waste करना बंद नहीं कर सकते जब तक आप अपने time की value नहीं कर लेते, जिस तरह से खुद का कमाया हुआ पैसा कोई waste नहीं करना चाहता हैं जब तक घर वाले कमा कर दे रहे हैं उसकी value नहीं पता, जब खुद मेहनत से कमाते हैं तब समझ आती हैं और फूंक-फूंक कर चीजें खरीदते हैं, लेकिन क्या आप time को भी फूंक-फूंक कर spend कर रहे हो?

चलिए शुरू करते हैं एक-एक करके।

Downloaded from www.PDFshala.com

1, 2, 3 GO!

*मैंने सबसे पहले calculate करके बताया था कि आपके पास कितना time extra बचता हैं, जो कि 3120 hours था और बताया था कि इसमें केवल audiobook सुनो तो आप एक साल में 520 audiobook complete कर सकते हो और मैंने बताया था कि book reading क्यो जरूरी हैं, क्योंकि इससे आपका time बचता हैं और दूसरों से solution मांगने से खुद की गलती करके जल्दी संभल जाते हो फिर मैंने बताया था कि आपके बचे हुए 3120 hourse कहाँ जा रहे हैं, जिसमे almost लोग unconscious होते हैं पता ही नहीं होता कि कहाँ जा रहे हैं।*

*तो मैंने बताया था कि अगर आपकी life में केवल 6 महीने ही बचे हो तब आप time की जिस तरह से value करोगे वह बहुत अलग ही होगा।*

लेकिन,

Downloaded from www.PDFshala.com

क्या book पढ़ना ही सब कुछ हैं? सब कुछ तो नहीं लेकिन बहुत कुछ हैं, आज अगर आप ये बुक पढ़ रहे हो, आपको कितनी ऐसी बातें पढ़ने को मिल रही हैं जो आपको पहले पता भी नहीं थी।

Right?

लेकिन,

क्या सीखना ही सब कुछ हैं? यहाँ मैं समझाता हूँ कि क्यो हम जो भी सीखते हैं वह apply नहीं कर पाते हैं और apply करे भी कैसे? मैंने यह तो बता दिया कि आपका इतना time बचता हैं, इस जगह आप इतनी book पढ़ सकते हो, पर उसे apply भी तो करना होगा न।

## #2 Connection between Habits, Brain power and knowledge

अब मैं आपको knowledge, habit और brain power के बीच का connection बताता हूँ।

Downloaded from www.PDFshala.com

आप कोई भी नई चीज सीखते हो, book से, internet से, कोई lesson सिख लिया, तो वह आपको कब तक याद रहेंगे वह इस बात पर depend करता हैं कि आपकी brain memory कैसी हैं और सबकी brain power अलग-अलग हैं लेकिन भूलेंगे सब, कोई जल्दी भूल जाएगा तो कोई late।

इंसान भूलता ही हैं इसी वजह से **Account subject** बनी हैं, वरना लिख कर हिसाब क्यों करते? तो knowledge आप कोई भी ले लीजिए एक time के बाद चाहे 10 साल के बाद आप उसे भूल ही जाओगे। ***अब ध्यान से पढ़ना जो बताने वाला हूँ अब आप knowledge को अलग नज़र से देखोगे की वह क्या हैं।***

***जब तक कोई चीज जिसे आपने सीखी उसे habit नहीं बना लेते, तो आप वह चीज भूल जाओगे और अगर habit बना ली तो आपके ऊपर उसे याद रखने का pressure भी नहीं रहेगा।***

Downloaded from www.PDFshala.com

***Inshort:* हर ज्ञान को जब भी लो, उसे भूल जाओ उससे पहले अपना लो, उसे आदत में डाल दो या अगर लगे कि वह आपके काम का नहीं हैं तो भूल जाने में भी कोई दिक्कत नहीं हैं, यही हैं *main point.***

जब किसी भी सीखी हुई बात को habits में convert करते हो तब आपको यह फायदे होते हैं:

- एक तो उसे बार-बार याद नहीं करना पड़ता क्योंकि अब वो आपकी habit बन चुकी हैं, उसे करना आप भूलोगे नहीं, जैसे कि अगर आपकी book पढ़ने की आदत बन गयी हैं, YouTube पर informative videos देखने की habits, अपनी life को लिख कर analyse करने की habit, खाली समय मे अपने past से lesson सीखने की habit यह सब अगर add कर दी तब यह आपको करना नहीं पड़ेगा, यह आप अपने आप करने बैठ जाओगे, आप autopilot में वह चीजें करोगे।

Downloaded from www.PDFshala.com

- दूसरा जब कोई काम आपकी habit बन जाती है, जैसे यहाँ मैं example लेता हूँ सुबह जल्दी उठने का, तो अगर आपकी यह habit बन गयी तो आपको रोज़-रोज़ energy और motivation की ज़रूरत नहीं पड़ेगी, आपको बार-बार किसी इंसान की ज़रूरत नहीं पड़ेगी जो आपको charged up करे, आप वो बिना इन सब चीजों के भी करोगे।
- तीसरा जब वह चीज आपकी habit बन जाती हैं तो उसे करने में आपका दिमाग़ नहीं थकता, क्योंकि कोई भी काम होता हैं जैसे computer पर काम करने की आपकी habit हैं या bike चलाना आपकी habit हैं तब वह bike चलाने में आपको ज़्यादा दिमाग़ खर्च करने की ज़रूरत नही पड़ेगी, अब वह subconscious mind में store हो चुका हैं, उसे अब consciously करना नहीं पड़ता, जिससे आपके दिमाग़ की energy use नहीं होती, simple भाषा में दिमाग़ पर ज़्यादा ज़ोर नहीं लगाना पड़ता।

Downloaded from www.PDFshala.com

इस book से जो भी आप सिख रहे हो वह आप एक न एक दिन भूलोगे, इसका फायदा आप सिर्फ तब ले सकते हो जब आप इसे Implement कर लो, इसे भूलने से पहले कुछ अपने काम की बात को अपनी habit में add कर लो।

तो कोई भी चीज जब आपको पता होती हैं, जो ज्ञान आपको पता हैं ताज़ा-ताज़ा अपने लिए उसे आदत में डालने में कौनसी चीज आपको रोक रही हैं? हो सकता हैं वह आदत इसलिए नहीं बन रही क्योंकि आपके अंदर उसे रोज़ करने की willpower नहीं हैं। जैसे gym जाना आपको अपनी आदत बनानी हैं लेकिन वह आदत नहीं बन रही हैं, क्यो? क्योंकि एक न एक दिन आपकी willpower कमज़ोर हो जाती हैं तो यह मन क्यो change हो जाता हैं? Mind क्यो change हो जाता हैं?

Downloaded from www.PDFshala.com

क्योंकि energy नहीं रहती, थक जाते हैं, excitement खत्म हो जाता हैं, motivation नहीं रहता, confidence नहीं रहता। यह क्यो होता हैं यह जानने के लिए हम समझते हैं इस दिमाग़ को, इस body को कि आपके brain में ऐसे क्या chemicals हैं जिसकी वजह से आपको हर बार अलग-अलग feel होता हैं। कोई भी काम करने के लिए आप motivated, excited होते हो तब आपके brain में क्या चल रहा होता हैं और जब आप negative हो जाते हो कुछ भी करने का मन नहीं करता, confidence low हो जाता हैं तब आपके दिमाग़ मे क्या चल रहा होता हैं वह समझते हैं, क्योंकि जितना आप अपने दिमाग़ को समझ पाएंगे उतना ही आप इसे control कर पाएंगे, उतने ज़्यादा आपके chances होंगे कि आप इस साल अपने goals को achieve कर सकते हो।

****

Downloaded from www.PDFshala.com

# CHAPTER 5.

## #3 सबसे पहले बात करते है Body और इस Mind की

इस book का ये वाला part थोड़ा और ज़्यादा ध्यान से समझने की कोशिश करना क्योंकि यह हर बार टालते जाना, काम करने का मन नहीं होना, शुरू में excited होना फिर मन नहीं होना यह सब क्यो होता हैं या फिर कोई भी आलस का आना यह सब क्यो होता हैं वह सब आपको समझ आने वाला हैं, एक कामयाब इंसान का दिमाग़ कैसे काम करता हैं वह मैं आपको science के language से समझाने वाला हूँ।

इंसान के खुश होने के पीछे मैं scientific तरीके बताने वाला हूँ कि खुशी के वक़्त आपके दिमाग़ मे क्या हो रहा होता हैं और कैसे आप खुशी को बढ़ा सकते हैं वह भी बताने वाला हूँ क्योंकि खुश रहोगे तभी तो अच्छे से काम कर पाओगे। मेरा खुश रहने का मतलब हैं productive

Downloaded from www.PDFshala.com

feel करना क्योंकि मेरा ऐसा मानना हैं कि जब आप खुश रहोगे तभी आप productive रहते हो, mind अच्छे से work करता हैं, excited होते हो काम करने के लिए motivate होते हो।

अब आपको यह समझाने के बाद यह पता चल गया होगा कि जब आप खुश रहते हो और दुखी होते हो यानी आपके mood पर जो impact पड़ता हैं वो कैसे work करता हैं। आपके दिमाग़ मे क्या होता हैं जिसकी वजह से आपको अच्छा और बुरा feel होता हैं, अब पूरे ध्यान से पढ़ना क्योंकि मैं जो information आपको बताने वाला हूँ वो पढ़ने के बाद आपको लगेगा कि यार यह पहले क्यों नहीं पता था।

अब जो में आपको बताने वाला हूँ उसके बाद chances ज़्यादा high रहेंगे कि आप पहले से ज़्यादा खुश रहने लग जाओगे और आपने इस happiness के hormones

Downloaded from www.PDFshala.com

को अच्छे से समझ लिया, मैं यह भी नहीं कहता कि आपका mood कभी off नहीं होगा, swing नहीं होगा।

बुरा भी feel होगा!

लेकिन उस वक़्त भी आपको यह पता होगा कि यह बस कुछ वक्त के लिए brain में hormones trigger हो रहा हैं और मैं आपको यह भी बताऊँगा कि कैसे आप इन hormones को बढ़ा सकते हो, यानी कैसे आप अपने brain में खुश रहने वाले hormones को बढ़ा सकते हो। यानी खुशी के वक़्त और दुःख के वक़्त आपके brain में क्या चल रहा हैं उसका आपको पूरा होश होगा और जब आपको पूरा होश होगा तो chances ज़्यादा होंगे कि आप गुस्से के वक़्त अपने गुस्से को पहले से ज़्यादा control कर पाओगे, दुःख में पहले से ज़्यादा अपने दुःख को संभाल पाओ और खुशी में अपनी खुशी को control कर पाओ।

आइए समझते हैं हमारे दिमाग़ के अंदर यह जो hormones trigger होते हैं अलग-अलग activites

Downloaded from www.PDFshala.com

करने से, जैसे कुछ लोगो को नशे की आदत होती हैं वह इसी की वजह से होती हैं क्योंकि यही hormones brain में trigger होते हैं जब नशा हो रहा होता हैं और यह hormones इतना अच्छा feel करवाते हैं कि हमे उस चीज का addiction हो जाता हैं। इसलिए education या फिर career के पैसे arrange करने में इतना दिमाग़ नहीं चलता जितना दिमाग़ नशे के लिए पैसे arrange करने में चलता हैं।

शुरुआत करते हैं हम nature से, इंसान ने हर बार कोई खोज की हैं और करता जा रहा हैं और आगे भी करता रहेगा, जबसे दुनिया बनी हैं तब से लेकर अब तक कितना कुछ बन गया। आपके हाथ मे जो phone है उस phone को किसी ने क्यो बनाया? किसी ने एक room में बैठ कर रात-रात भर जाग कर यह चीजें क्यो बनाई? कोई क्यो अपनी नींद उड़ाकर technology पर काम किये जा रहा हैं? कोई Billionaire बन जाने के बाद भी इतनी मेहनत क्यो कर रहा हैं, उसके दिमाग़ मे ऐसा क्या हैं जिसकी वजह से वह रुक नहीं रहा? यह वही Dopamine chemical

Downloaded from www.PDFshala.com

हैं जो चूल (craving) मचाता हैं, motivate करता हैं, कुछ life में अच्छा करने के लिए यही हमारे दिमाग़ के अंदर **reward system** हैं, जो चूल मचाता हैं किसी चीज को और भी ज़्यादा better करने में, growth को आगे बढ़ाने में जब एक बार growth नज़र आ जाती हैं, यही हैं जो अच्छे result जानने के बाद excited करता हैं कि अब मैं यह करूँ अब मैं वो करूँ।

कोई team क्यो चाँद पर जाने की मेहनत कर रही हैं, कोई क्यो मंगल ग्रह पर जाने की planning बना रहा हैं?

किसी person ने क्यो computer operating system (OS) को इतना आसान बनाया की कोई भी चाहे तो use कर सके? क्योंकि जब जब वह यह चीज बना रहा होता हैं या कोई भी scientist कुछ बना रहा होता हैं तो वह यह इसलिए करता हैं क्योंकि उसका दिमाग़ trigger कर रहा होता हैं, उसके brain में chemical

Downloaded from www.PDFshala.com

release हो रहा होता हैं जिसकी वजह से उसे अच्छी feelings मिल रही होती हैं।

**अच्छी feelings!**

हम अच्छा feel करना चाहते हैं, हम सब happiness को पाने की race में लगें हैं, वह अच्छा feel नशे से या किसी भी गलत तरीके से भी ले सकते हैं और अच्छे तरीके से भी।

आपका नया साल कैसा होगा मेरे दोस्त, यह इस बात पर depende करता हैं कि आप कौनसी वाली अच्छी feelings को लेते हो, कुछ अच्छा करने के बाद में positive result देखने पर जो अच्छी feelings होती हैं वो या फिर अभी जो हाथों-हाथ अच्छा feel करवाती हैं जो बाद मे life खराब करती हैं।

***जब किसी इंसान ने बहुत बड़ा कुछ कर दिया हो तब पूरी दुनिया उसकी तारीफ करती हैं तब उसे जो feel होता हैं वह उसकी life की best feeling बन जाती हैं, ठीक***

Downloaded from www.PDFshala.com

***इसी तरह जब कोई इंसान नशा करता हैं तो उसके लिए वो best feeling होती हैं। इंसान को कोई भी चीज बनाना अच्छा लगता हैं, कुछ develope करना, better करना, आसान करना अच्छा लगता हैं, उसे sense of achivment मिलता हैं और यह feeling उसे बहुत प्यारी लगती हैं, इसी वक्त हमारे brain में यही chemical release हो रहे होते हैं, Dopomine।***

इसलिए एक बार सब कुछ भूल कर सिर्फ यह सोचों कि कोई भी artist होता हैं, अभी हम लेते हैं कवि को।

कोई भी शायरी या कोई भी book जब वो लिखता हैं, कई writers सिर्फ इसीलिए लिखते हैं क्योंकि जब वो पूरी हो जाती हैं तब उन्हें **sense of achivment मिलता हैं।** आपने देखा होगा जब कोई gym join करता हैं, उसकी थोड़ी सी body बन जाती हैं तो उसकी और body बनाने की इच्छा होती हैं क्योंकि human हर बार reward के पीछे भागता हैं, हर बार better होने के पीछे भागता हैं।

